


# थॉमस एडिसन

सैडलबक, हिंदी : विदूषक



# थॉमस एडिसन





थॉमस एडिसन को लोग मेनलो पार्क का जादूगर बुलाते थे. उसने अँधेरे को रोशनी में बदला, बातचीत करने वाली मशीनें बनायीं, और चित्रों को जीवंत बनाया. बिजली और अपने अथक परिश्रम से वो यह सब संभव कर पाया.


टॉम एडिसन का परिवार एक सामान्य परिवार नहीं था. 1837 में, उसके पिता ने कनाडा की सरकार के खिलाफ बगावत की.
मुझे देशद्रोही करार दिया गया है. राजा के सैनिक मेरे पीछे लगे हैं!
सैम, अब तुम क्या करोगे?
मैं बॉर्डर की ओर भागूंगा. बहुत तेज़!
वो दो दिन दौड़ता रहा. सैनिक और कुत्ते उसका पीछा करते रहे.
फिर उसने बर्फ जमे तालाब पर स्केट किया और अंत में अमरीका में सुरक्षित पहुंचा.


वो मिलान, ऑहियो में जाकर बसा. फिर उसका परिवार वहां आया.
घर कितना सुन्दर है!
मैंने लकड़ी का गोदाम खोला है. धंधा अच्छा है!
थॉमस अल्वा एडिसन का वहां जन्म हुआ 11 फरवरी 1847 को.
तुम्हारी पत्नी ठीक है. यह रहा तुम्हारा नया बेटा!
शुक्र है! हम तीन बच्चे खो चुके हैं. नैंसी, चाहती थी कि बच्चा हो.
उसका सिर बहुत बड़ा है!
बकवास! वो बिल्कुल ठीक है! उसे मुझे दो!
टॉम की माँ ने हमेशा उसका साथ दिया.
कुछ समय बाद परिवार पोर्ट हुरोन, मिशिगन शिफ्ट हुआ.
तुम अब आठ साल के हो, टॉम. तुम अब स्कूल जाना शुरू करो.
मुझे स्कूल जाना अच्छा लगेगा.


वो स्कूल नहीं गया. तीन महीने बाद एक दिन सुबह वो दौड़ा हुआ घर वापिस आया.
मैं उस स्कूल में कभी नहीं जाऊँगा! टीचर ने कहा मैं बेवकूफ हूँ और मैं कुछ नहीं सीखूंगा.
टीचर ने यह क्यों कहा?
मैं क्लास में बहुत सवाल पूछता हूँ – क्यों? कैसे? मुझे रटने से नफरत है.
टॉम की माँ टीचर से मिलने गईं.
मैं खुद टीचर रही हूँ. टॉम होशियार है. अगर आप उसे नहीं पढ़ा सकते, इसका मतलब आपका तरीका गलत है.
पर मिसेस एडिसन...
उसके बाद टॉम वापिस स्कूल नहीं गया. माँ रोजाना उसे घर पर ही पढ़ाती थीं.
आज हम विलियम शेक्सपियर का नाटक *मर्चेंट ऑफ़ वेनिस* पढ़ेंगे.
माँ, *मर्चेंट* क्या करता है? *वेनिस* कहाँ है?
अच्छा बेटे! जब समझ में नहीं आए तो “क्यों” पूछा करो. वो सीखने का सबसे अच्छा तरीका है.


यह लो एक नई पुस्तक. क्या तुम उसका शीर्षक पढ़ सकते हो?
फिर एक दिन ...
D-I-C-T-I-O-N-A-R-Y
साइंस की डिक्शनरी!
नई पुस्तक उसे बहुत पसंद आई.
मुझे साइंस पसंद है. मैं अपनी प्रयोगशाला शुरू करूंगा. मैं चीज़ों को मिलाकर देखूंगा कि क्या होता है.
वो तो केमिस्ट्री की साइंस होगी
उसने तहखाने के एक कोने में एक प्रयोगशाला शुरू की. उसने पुरानी बोतलें इकट्ठी कीं. उसने चीज़ें खरीदने के लिए पैसे बचाए.
यह H2O - यानि पानी है! यह गंधक है. शनिवार को मैं थर्मामीटर बनाने के लिया पारा खरीदकर लाऊंगा.
टेलीग्राफ एक नया आविष्कार है, जिससे सन्देश भेजे जा सकते हैं. इस किताब में उसे बनाने का तरीका दिया है.
मैं अपने घर से, तुम्हारे घर तक सन्देश भेज सकता हूँ!




उसके लिए बहुत लम्बा तार लगेगा.
हम बोतलों को इंसुलेटर जैसे प्रयोग करेंगे.
टेलीग्राफ सेट के लिए यह रहे विद्युत्-चुम्बक और बैटरी.
सड़क पार करने के लिए हम पुल के नीचे से तार डालेंगे.
दोनों लड़कों ने मोर्स-कोड सीखा.
फिर वे अपने घरों से एक-दूसरे को सन्देश भेजने लगे.


जल्द ही एक बड़ी खबर आई.
ग्रैंड-ट्रंक रेलवे बन चुकी है. अब तुम पोर्ट हुरोन से, सीधे डेट्रॉइट जा सकते हो.
शायद मुझे वहां कोई नौकरी मिल जाए!
रेलवे चाहती थी कि कोई लड़का ट्रेन में अखबार, कैंडी और सैंडविच बेंचे. टॉम वो वो नौकरी मिल गई.
सुबह 7 बजे वो ट्रेन में चढ़ता.
हेलो, टॉम.
हेलो, मिस्टर स्टीवेंसन.
टॉम हर डिब्बे में जाकर अपना सामान बेंचता.
यह लीजिये सैंडविच, कैंडी और अखबार भी! यह लीजिये श्रीमान!
बाद में...
यहाँ तो बहुत खाली जगह है. क्या मैं यहाँ अपनी प्रयोगशाला शुरू कर सकता हूँ?
क्यों नहीं! ज़रूर.
फिर टॉम ने अपनी प्रयोगशाला ट्रेन में शिफ्ट की.
यहाँ पर मुझे प्रयोग करने का बहुत समय मिलेगा!


फिर टॉम ने हाथ से चलने वाला एक प्रिंटिंग प्रेस खरीदा.
मैं स्थानीय ख़बरों का अखबार छापूंगा. उसका नाम होगा द ग्रैंड ट्रंक हेराल्ड.
जल्दी ही वो 8-सेंट के हिसाब से अख़बार की 400 प्रतियाँ बेंचने लगा.
रोज ट्रेन, डेट्रॉइट स्टेशन पर 10.30 से 4.30 बजे तक रूकती थी. उस समय टॉम, डेट्रॉइट की लाइब्रेरी में जाता था.
A और Z के बीच 15-फीट किताबें हैं. मैं हर हफ्ते एक-फुट किताबें पढ़ूंगा.
एक दिन जब टॉम अपनी प्रयोगशाला में काम कर रहा था तो ट्रेन एकाएक झटके से साथ रुकी.
अरे बाप रे! फोस्फोरस!
फोस्फोरस जल उठी! क्या करूं? पानी!!


कंडक्टर दौड़ा हुआ आया.
माफ़ करें!
मैंने तुम्हें अनुमति देकर गलती की. अब से ट्रेन पर प्रयोग बंद!!
टॉम की नौकरी बरक़रार रही, पर उसे ट्रेन की प्रयोगशाला बंद करनी पड़ी.
बाद में... जब तक डिब्बों की अदला-बदली होगी, तब तक मैं यहाँ टहल सकता हूँ.
MOUNT CLEMENS
तभी, लुढ़कते डिब्बे के नीचे एक बच्चा मरने वाला था!
टॉम, ने दौड़कर उसे बचाया!



बचाने के चक्कर में टॉम खुद गिर पड़ा.
टॉम! तुम ठीक तो हो? क्या हुआ?
मैं ठीक हूँ. जिमी भी ठीक है.
टॉम, तुम ने जिमी की जान बचाई! मैं तुम्हारा शुक्रिया कैसे अदा करूं?
मुझे पैसे नहीं चाहिए.
क्या तुम टेलीग्राफी सीखना चाहोगे? मुझे तुम्हें सिखाने में बहुत ख़ुशी मिलेगी.
टेलीग्राफी सीख कर मुझे बहुत ख़ुशी मिलेगी!
हफ्ते में चार रात टॉम, मेक्केंज़ी के साथ काम करता था. उससे टॉम की ज़िन्दगी में भारी बदल आई.
पांच महीनों में तुम सबकुछ सीख गए, टॉम. अब तुम्हें कहीं भी नौकरी मिल जाएगी.
उसके बाद कई सालों तक टॉम, टेलीग्राफ ऑपरेटर का काम करता रहा. इस तरह वो पूरा देश घूमा.


टॉम जहाँ भी जाता वो अपने विद्युत् उपकरण साथ ले जाता. फिर वो वहां प्रयोग शुरू करता.
तुम अपने लिए कुछ नए कपड़े क्यों नहीं खरीदते, टॉम?
कपड़ों से क्या फायदा? मैं पैसों से किताबें और लैब का सामान खरीदूंगा!
एक रात को काम के बाद टॉम घर वापिस लौट रहा था.
रुको! नहीं तो गोली मार दूंगा!
टॉम के कान के पास से एक गोली तेज़ी से गुज़री.
रुको! पैकेट को गिराओ!
पर उसमें सिर्फ मेरी किताबें हैं!
टॉम ने पैकेट खोलकर दिखाया.
मैं चिल्लाया तो तुमने मुझे रोका क्यों नहीं? निशाना ठीक होता तो तुम मर गए होते!
मैं बहरा हूँ! कुछ सुनाई नहीं देता है.


मुझ से गलती हुई.
बहरे होने के फायदे भी हैं. मुझ उलटी-सुलटी बातें नहीं सुननी पड़तीं हैं. मैं अपना ध्यान, काम पर केन्द्रित कर सकता हूँ!
1869 में टॉम, न्यू-यॉर्क गया
वहाँ टेलीग्राफ इस्तेमाल होते हैं. मैं वहाँ नौकरी की तलाश करूंगा.
GOLD INDICATOR COMPANY
अन्दर टॉम को चीज़े बहुत अस्त-व्यस्त लगीं.
उनकी मशीन ब्रेकडाउन हो गई थी! हम अब क्या करेंगे?
मुझे नहीं पता कि उसे क्या हुआ!
मुझे उसकी खराबी पता है.
उसे ठीक करो! जल्दी! तेज़ी से!
दो घंटे में टॉम ने टेलीग्राफ मशीन की मरम्मत कर दी.
देखो बेटा! तुमने तो कमाल कर दिया! तुम हमारे लिए काम करो!


फिर टॉम को एक अच्छी नौकरी मिली और ऊंची तनख्वाह भी. पर वो वहां सिर्फ दो महीने ही टिका.
माफ़ करें. मैं अपने आविष्कारों पर काम करना चाहता हूँ.
उसने एक बेहतर “स्टॉक-टिकर” बनाया.
मैं उसे गोल्ड एंड स्टॉक टेलीग्राफ कंपनी को दिखाऊँगा. मैं 5000 डॉलर मांगूंगा. पर 3000 डॉलर भी ठीक होंगे.
टॉम ने अपना नया आविष्कार चलाकर दिखाया.
उसकी क्या कीमत लोगे?
आप ही अपना ऑफर बताएं.
क्या 40,000 डॉलर ठीक रहेंगे?
ठीक है!
आपका धन्यवाद्!!
टॉम ने “स्टॉक-टिकर” निर्माण करना शुरू किए. एक महीने के अन्दर उसने नई वर्कशॉप और मशीनें लगाने में 40,000 डॉलर नेवार्क, न्यू-जर्सी में खर्च किए.


उसे फैक्ट्री के लिए मजदूरों की ज़रुरत थी
हमें कितने घंटे काम करना पड़ेगा, मिस्टर एडिसन?
घंटे? जब तक काम ख़त्म नहीं हो जाता!
पर टॉम भी अपने आदमियों के साथ लगातार काम करता था. वो फैक्ट्री में सबसे ज्यादा मेहनत करता था. उसके स्टाफ के कई लोग बाद में, मशहूर इलेक्ट्रिकल इंजिनियर बने.
बारिश वाली एक रात टॉम बिल्डिंग के बाहर आया.
हम बारिश से बचने के लिए यहाँ खड़े हैं!
ठीक है! आप अन्दर आयें!
मैं टॉम एडिसन हूँ. यह मेरी फैक्ट्री है.
मैं ऐलिस स्टिलवेल हूँ, यह मेरी छोटी बहन मेरी है.
मुझे कुछ युवा महिलाओं की ज़रुरत है. क्या आप यहाँ काम करना पसंद करेंगी?
ज़रूर, मुझे नौकरी की तलाश है.



मेरी, टॉम की फैक्ट्री में काम करने लगी. टॉम, उसे लगातार घूरता रहता था.
मिस्टर एडिसन, आपको देखकर मैं घबरा जाती हूँ.
क्या आप मुझे पसंद करती हैं? क्या आप मुझसे शादी करेंगी? आप सोच करे अगले हफ्ते मुझे बताएं.
अगले हफ्ते मेरी ने टॉम को घर आने का निमंत्रण दिया. 1871 में, क्रिसमस वाले दिन उनका विवाह हुआ.
क्या, मिस्टर एडिसन आप इस महिला को स्वीकार करते हैं...
हाँ.
शादी के नाश्ते के बाद टॉम, मेरी को अपने नए घर में लेकर गया जो उसने नेवार्क में खरीदा था.
कुछ ज़रूरी काम है. मुझे तत्काल, कुछ देर के लिए फैक्ट्री जाना पड़ेगा.
पर टॉम....


उस रात...
तुम यहाँ क्या कर रहे हो, टॉम?
टाइम क्या है?
आधी रात!
मुझे घर जाना चाहिए. आज ही तो मेरी शादी हुई है!
टॉम ने टेलीग्राफ और टेलीफोन में कई सुधार किए. उसने बहुत पैसा भी कमाया. उसे कई कानूनी केस भी लड़ने पड़े.
मुझे निर्माण काम नापसंद है. मैं फैक्ट्री बेंच दूंगा और नई चीजें आविष्कार करूंगा.
ठीक है, टॉम.
फिर टॉम, मेनलो पार्क, न्यू-जेर्सी में शिफ्ट हुआ.
पहली मंजिल पर उसका ऑफिस और लाइब्रेरी थी. दूसरी मंजिल पर एक बड़ी प्रयोगशाला थी. उसने पास में ही रहने के लिए एक फार्म-हाउस खरीदा था.


एक दिन टॉम ने अपने एक साथी से बात की.
जॉन, क्या तुम यह बना सकते हो?
हाँ, काफी सरल लगता है. पर यह है क्या?
बात करने वाली मशीन.
क्या तुम मज़ाक कर रहे हो!
बाद में जॉन मॉडल बनाकर लाया.
मैरी हैड ए लिटिल लैम्ब, इट्स फ्लीस वास वाइट एज़ स्नो..
बॉस क्या पगला गए हैं?
फिर टॉम ने कुछ बटन दबाए और वो पीछे हटकर खड़ा हुआ.
मैरी हैड ए लिटिल लैम्ब, इट्स फ्लीस वास वाइट एज़ स्नो..
मशीन बातें करती है!
फोनोग्राफ एक बिल्कुल नया आईडिया था. किसी ने भी उससे पहले, उसके बारे में नहीं सोचा था.


रातों-रात टॉम एडिसन, मशहूर हो गया.
रेलवे ने मेनलो पार्क जाने की भीड़ के लिए स्पेशल ट्रेन्स चलाईं.
वो बात करने वाली मशीन कहाँ है? टॉम एडिसन की प्रयोगशाला कहाँ है?
मेनलो पार्क का रास्ता?
201


फिर वाशिंगटन से टेलीग्राम आया.
वो चाहते हैं कि मैं फोनोग्राफ को वाशिंगटन लेकर जाऊं और उसे प्रेसिडेंट हायेस, उनकी पत्नी और कांग्रेस के सदस्यों को दिखाऊँ.
टॉम, मुझे तुम पर नाज़ है!



एडिसन दंपत्ति की एक चार साल की बेटी थी. जब टॉम ने बेटी को हल्के से नोचा तो मेरी बहुत गुस्सा हुई.
टॉम, तुमने मरिओन को क्यों नोचा?
क्यूंकि मैं एक बच्ची के रोने की आवाज़ को रिकॉर्ड करना चाहता था, और वो रो नहीं रही थी!


उस ज़माने में शहर में सड़क की बत्तियां गैस-लाइट से जला करती थीं. तब घरों में केरोसीन और मोमबतियां जला करती थीं.
उस समय सिर्फ आर्क-लाइट ही उपलब्ध थी. आर्क-लाइट बहुत चमकीली, गरम और महंगी थी.
उसका घर में इस्तेमाल नहीं हो सकता था.
गैस से रोशनी अच्छी मिलती थी, पर उसमें से बदबू आती थी.
मैं घरों में उपयोग के लिए बिजली के बल्ब का इजाद करूंगा और भांप की शक्ति से बिजली पैदा करूंगा
बहुत लोग इसे असंभव मानते थे.
वो पगला टॉम इलेक्ट्रिक बल्ब बनाएगा! हे! हे!
टॉम के कुछ साथियों ने भी हिम्मत हारी.
मैंने 3000 सिद्धांत उपयोग करके तीन साल मेहनत की है. फिर भी यह बल्ब, सिर्फ पांच घंटे में फ्यूज हो जाता है!


फिर अक्टूबर 1879 की एक रात...
वेक्यूम बल्ब में कार्बोनिज़ड धागे का फिलामेंट लगाया.
दस घंटे बीत गए, और वो अभी भी जल रहा है.
कोई भी घर नहीं गया. वो बल्ब पूरे 45 घंटे जलता रहा!
अगर वो 45 घंटे जल सकता है तो मैं उसे 100 घंटे भी जला सकता हूँ! फिर मैं बल्ब को 40-सेंट प्रति पीस के हिसाब से बेंच सकता हूँ!
दिसम्बर में उसने इस बल्ब को न्यू-यॉर्क हेराल्ड के रिपोर्टर को दिखाया.
NEW YORK HERALD
EDISON'S LIGHT. THE GREAT INVENTOR'S TRIUMPH. IT MAKES LIGHT WITHOUT GAS OR FLAME.
नॉन-सेन्स! असंभव!
नए साल पर आम जनता के लिए बल्ब का प्रदर्शन किया. इलेक्ट्रिक-बल्ब को देखने के लिए मेनलो पार्क में 3000 लोग आए.
वो करिश्मा है! एक जादू है!
एडिसन एक जीनियस है!



मेरे बल्ब से किसी को तब तक कोई फायदा नहीं होगा जब तक उनके घर में बिजली न हो.
घर-घर बिजली पहुँचाने के लिए हमें सब काम शुरू से ही करना होगा. पावर-सिस्टम, केबिल, स्विच, फ्यूज़ सब कुछ. उसके लिए हमें सब चीज़ें जुगाड़ करनी होंगी!
फिर टॉम न्यू-यॉर्क गया और उसने वहां फिफ्थ अवेन्यू पर एक बड़ा घर किराए पर लिया.
लोगों ने एक घर को, बिजली के बल्बों से जगमगाते हुए नहीं देखा है! अब वो इसे देख सकते हैं.
बाद में इसी जगह पर *कंसोलिडेटेड एडिसन कंपनी* की नींव पड़ी.
एडिसन दंपत्ति के अब दो लड़के भी थे. फिर टॉम अपने न्यू-यॉर्क घर में शिफ्ट हुआ.
टॉम, हम तुम्हें बहुत कम ही देखते हैं!
मैं अब घर पर कम आया करूंगा. मैं नई फैक्ट्री शुरू कर रहा हूँ, नया पॉवर-प्लांट बना रहा हूँ, अंडरग्राउंड केबल बिछाना... बहुत काम है.
एडिसन ने बिजली निर्माण और उसके डिस्ट्रीब्यूशन के 360 पेटेंट हासिल किए.



उसने अपने लोगों के साथ मिलकर के विशाल डायनामो बनाया.
उसने मजदूरों के साथ मिलकर अंडरग्राउंड केबल बिछाए.
अंत में काम ख़त्म हुआ. 4 सितम्बर 1882 को, एडिसन के इशारे पर मेन-स्विच दबाया गया.
अब हम पहली बार एक पूरे शहर को बिजली के बल्बों से जगमगाता हुआ देख सकते हैं!
क्यूंकि वो प्रोजेक्ट सफल रहा, इसलिए बाद में टॉम दूसरे कामों में लग गया. उसने मेनलो पार्क में विद्युत् रेल का सिस्टम बनाया.
शहरों को अब इसकी ज़रुरत है. घोड़ा-गाड़ी के ज़माने लद गए.



एडिसन का परिवार गर्मियों में अभी भी मेनलो पार्क आता. फिर 1884 में मेरी को टाइफाइड हो गया.
बहुत दुःख है, वो चल बसी.
अरे नहीं!
अब टॉम का मेनलो पार्क का प्रेम, नफरत में बदल गया. वो न्यू-यॉर्क लौट आया. उसने प्रयोगशाला और मेनलो पार्क को नष्ट होने दिया.


पहले टॉम कभी पार्टियों में नहीं जाता था. पर अकेलेपन के कारण वो अब सजधज कर पार्टियों में जाने लगा.
वो पियानो-वादक कौन है?
मिस मिना मिलर. उसके पिता की फैक्ट्री है.


टॉम को फिर से प्रेम हो गया. 4 फरवरी 1886 को उसने मिलर होम, अक्रोन में शादी की.


फिर टॉम ने वेस्ट ऑरेंज, न्यू-जेर्सी में एक नई प्रयोगशाला शुरू की. उसने पास ही में अपने परिवार के लिए एक घर खरीदा.
मैं इस इलेक्ट्रिक कार के लिए बढ़िया बैटरी बनाऊँगा.
1889 में ...
फ्रेंच सरकार ने मुझे पेरिस इंटरनेशनल मेले में आने का न्योता दिया है.
चलो टॉम चलें. हम मरिओन को भी साथ ले जा सकते हैं.
छुट्टी पर जाने का यह अच्छा समय है. मैंने अपनी अधिकतर कम्पनियाँ और फैक्ट्री हेनरी विल्लीअर्ड को बेंच दी हैं.
उनको बेंचने के बाद *एडिसन जनरल इलेक्ट्रिक* कंपनी स्थापित हुई – जो आज *जनरल इलेक्ट्रिक* के नाम से जगप्रसिद्ध है.
यूरोप के तमाम देशों ने एडिसन को सम्मानित किया. फ्रांस और अन्य देशों को उसने वही उत्तर दिया.
मिस्टर एडिसन मैं आपको फ्रांस के सर्वोच्च पदक से सम्मानित करता हूँ.
धन्यवाद. यह सम्मान मेरा नहीं, बल्कि अमरीका का है.


टॉम घर पर नए-नए विचारों पर काम करता. वो अपने परिवार को अपने मॉडल्स दिखाता था.
डैडी, यह चलते-फिरते चित्र तो गज़ब के हैं!
यह आपका सबसे बढ़िया आविष्कार है!


21 अक्टूबर, 1929 को बिजली बल्ब के इजाद के 50 वर्ष बाद, टॉम एडिसन 82 साल का हुआ. तब एक बहुत बड़ा जलसा मनाया गया.
दुनिया में जब कहीं, कोई भी बिजली-बल्ब जलाए तो उसे टॉम एडिसन के जीनियस का शुक्रिया अदा करना चाहिए.
जिसे लोग जीनियस कहते हैं वो सिर्फ अथक परिश्रम है!
टॉम एडिसन ने कभी भी काम करना बंद नहीं किया. 1931 में, एक छोटी बीमारी के बाद उसका देहांत हुआ. अपनी ज़िन्दगी में एडिसन को 1093 पेटेंट प्रदान किए गए – दुनिया में किसी भी आदमी से ज्यादा!
समाप्त